सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया

www.stpi.in

वार्षिक रिपोर्ट

2019 - 2020

वार्षिक रिपोर्ट
2019-2020

सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया

विषय–सूची

शासी परिषद	4
सामान्य निकाय	5
सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया (एसटीपीआई) की प्रबंधन संरचना	6
भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी परिदृश्य	7
सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया (एसटीपीआई) – एक अवलोकन	9
एसटीपीआई की पंजीकृत इकाइयों का प्रदर्शन	10
एसटीपीआई में पंजीकृत आईटी/आईटीईएस इकाइयों द्वारा निर्यात	11
सांविधिक और अन्य सहायता सेवाएं	13
डेटा संचार सेवाएं	14
परियोजना प्रबंधन और परामर्श (पीएमसी) सेवाएं	15
बीपीओ संवर्धन योजनाएं–आईटी नौकरियों का सृजन	19
सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई)	20
संवर्धनात्मक कार्यकलाप	26
एमटीएनएल–एसटीपीआई संयुक्त उद्यम	30
एसपीटीआई का वित्तीय विश्लेषण	31
लेखा विवरण	32
स्वतंत्र लेखा परीक्षक रिपोर्ट	34
लेखा परीक्षक	37
अनुसूची–22	53
अनुसूची–22क	56
सूचना का अधिकार	64
एसटीपीआई के केन्द्र	65

शासी परिषद*

अध्यक्ष

श्री अश्विनी वैष्णव
माननीय रेल, संचार तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री,
भारत सरकार

उपाध्यक्ष

श्री राजीव चद्रशेख़र
माननीय कौशल विकास और उद्यमशीलता तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री, भारत सरकार

कार्यकारी उपाध्यक्ष

श्री अजय कुमार साहनी
सचिव
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार

सदस्य

श्री अनिल कुमार नायक
अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार

श्री भुवनेश कुमार
संयुक्त सचिव (सोसाइटी) तथा
एसटीपीआई के समूह समन्वयक
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय,
भारत सरकार

श्री सुनिल कुमार सिंघल
उप महानिदेशक (डी एस)
दूरसंचार विभाग, संचार मंत्रालय,
भारत सरकार

श्री आशुतोष अग्निहोत्री
संयुक्त सचिव (सीआईएस)
गृह मंत्रालय, भारत सरकार

श्री जनार्दन सिंह
संयुक्त निदेशक, आसूचना ब्यूरो
गृह मंत्रालय, भारत सरकार

श्री एस आर बरूआ
प्रधान महानिदेशक
प्रणाली एवं डेटा प्रबंधन,
केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड,
राजस्व विभाग, वित्त मंत्रालय,
भारत सरकार

श्री अमित यादव
महानिदेशक विदेश व्यापार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार

श्री संदीप नरूला
अध्यक्ष
इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सॉफ्टवेयर निर्यात संवर्धन परिषद (ईएससी)

श्री एन. चन्द्रशेखरन
अध्यक्ष
मै. टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज

श्री जसविंदर एस. अहूजा
कॉर्पोरेट उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक
मै. केडंस डिजाइन सिस्टम (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड

श्री अरूण जैन
अध्यक्ष
मै. इन्टेलेक्ट डिजाइन एरेना लिमिटेड

सुश्री देबजानी घोष
अध्यक्ष,
नैसकॉम

डॉ. ओंकार राय
वरिष्ठ निदेशक, एसटीपीआई

सदस्य सचिव

श्री अरविंद कुमार
महानिदेशक, एसटीपीआई

* दिसम्बर 2021 की स्थिति के अनुसार

सामान्य निकाय*

अध्यक्ष

श्री अश्विनी वैष्णव
माननीय रेल ,संचार तथा
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी
मंत्री, भारत सरकार

उपाध्यक्ष

श्री राजीव चद्रशेख़र
माननीय कौशल विकास और उद्यमशीलता
तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी
राज्य मंत्री, भारत सरकार

कार्यकारी उपाध्यक्ष

श्री अजय कुमार साहनी
सचिव
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी
मंत्रालय, भारत सरकार

सदस्य

श्री अनिल कुमार नायक
अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय,
भारत सरकार

श्री भुवनेश कुमार
संयुक्त सचिव (सोसाइटी) तथा
एसटीपीआई के समूह समन्वयक
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय,
भारत सरकार

श्री सुनिल कुमार सिंघल
उप महानिदेशक (डी एस)
दूरसंचार विभाग, संचार मंत्रालय,
भारत सरकार

श्री आशुतोष अग्निहोत्री
संयुक्त सचिव (सीआईएस)
गृह मंत्रालय, भारत सरकार

श्री जनार्दन सिंह
संयुक्त निदेशक, आसूचना ब्यूरो
गृह मंत्रालय, भारत सरकार

श्री एस आर बरूआ
प्रधान महानिदेशक
प्रणाली एवं डेटा प्रबंधन,
केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड,
राजस्व विभाग, वित्त मंत्रालय,
भारत सरकार

श्री अमित यादव
महानिदेशक विदेश व्यापार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार

डॉ. ओंकार राय
वरिष्ठ निदेशक, एसटीपीआई

सदस्य सचिव

श्री अरविंद कुमार
महानिदेशक, एसटीपीआई

* दिसम्बर 2021 की स्थिति के अनुसार

एसटीपीआई की प्रबंधन संरचना

शासी परिषद

शासी परिषद, सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया (एसटीपीआई) का शीर्ष प्रबंधन निकाय है, जो एसटीपीआई की समग्र कार्यप्रणाली का निर्देशन और देखरेख करती है तथा नीतिगत निर्देश प्रदान करती है। माननीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, भारत सरकार, शासी परिषद के **'अध्यक्ष'** हैं। माननीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री, भारत सरकार, शासी परिषद के **'उपाध्यक्ष'** हैं। सचिव, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार, शासी परिषद के **'कार्यकारी उपाध्यक्ष'** हैं। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, वित्त मंत्रालय, गृह मंत्रालय, संचार मंत्रालय, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग एवं उद्योग संघों के प्रतिनिधि शासी परिषद के सदस्य हैं ।

महानिदेशक

महानिदेशक (डीजी), एसटीपीआई शासी परिषद के सदस्य–सचिव हैं तथा शासी परिषद के मार्गदर्शन के अंतर्गत एसटीपीआई के प्रबंधन तथा संचालन के लिए उत्तरदायी हैं। संस्था के कुशल संचालन के लिए महानिदेशक को आवश्यक कार्यकारी शक्तियां तथा प्राधिकार प्रत्यायोजित किए गए हैं।

निदेशकों की कार्यकारी समिति (ईकॉड)

संस्था के संस्थापना प्रलेख के अनुसार, निदेशकों की कार्यकारी समिति (ईकॉड), जो संस्था का एक अंग है, शासी परिषद एवं प्रशासनिक मंत्रालय की ओर से प्रशासनिक, वित्तीय, संचालन और इस तरह के नीतिगत मामलों की समीक्षा एवं मंजूरी प्रदान करने जैसे कार्य करती है। ई–कॉड की अध्यक्षता सचिव, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा कार्यकारी उपाध्यक्ष, शासी परिषद, एसटीपीआई द्वारा की जाती है।

स्थायी कार्यकारी बोर्ड (एसईबी)

ऐसे प्रत्येक राज्य में जहाँ एसटीपीआई का केन्द्र है, नीतिगत और संचालन संबंधी मामलों में उद्योग और सरकार के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाने के लिए एक स्थायी कार्यकारी बोर्ड (एसईबी) का गठन किया जाता है। स्थायी कार्यकारी बोर्ड, एसटीपीआई केन्द्रों/उप केन्द्रों की भावी विस्तार योजनाएं तैयार करने, सुविधाओं का दर्जा बढ़ाने, प्रत्येक एसटीपीआई केंद्र की वार्षिक योजना एवं बजट तैयार करने और महानिदेशक, एसटीपीआई को परामर्श देने का कार्य करता है।

वरिष्ठ निदेशक

वरिष्ठ निदेशक, एसटीपीआई मुख्यालय के प्रमुख हैं। वरिष्ठ निदेशक, एसटीपी और ईएचटीपी योजनाओं के प्रशासन के लिए क्षेत्राधिकार निदेशक के रूप में कार्य करते हैं।

निदेशक

निदेशक, एसटीपीआई केन्द्र के तकनीकी एवं प्रशासनिक प्रमुख होते हैं। निदेशक, एसटीपी और ईएचटीपी योजनाओं के प्रशासन के लिए सबंधित अधिकार क्षेत्र में क्षेत्राधिकार निदेशक के रूप में कार्य करते हैं।

भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी परिदृश्य

कोरोना वायरस (कोविड–19) महामारी ने दुनिया के सामाजिक और आर्थिक ताने–बाने को बाधित कर दिया है। यद्यपि कोविड –19 ने अधिकांश क्षेत्रों को प्रभावित किया, लेकिन इस दौर में भी भारतीय आईटी/आईटीईएस उद्योग ने कार्यालय से दूरस्थ कार्य व्यवस्था का पालन सुनिश्चित करके अपने ग्राहकों को महत्वपूर्ण कार्यों की निरंतरता की गारंटी दी है। एसटीपीआई ने अपने सदस्य इकाइयों के कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम (डब्लूएफएच) की अनुमति प्रदान करके उत्प्रेरक भूमिका निभाते हुए अपने ग्राहकों को निर्बाध रूप से सेवा उपलब्ध करायी है। एसटीपीआई ने पूरे भारत के अपने सभी केंद्रों में लीन स्टाफिंग मॉडल सुनिश्चित कर एसटीपी/ईएचटीपी इकाइयों के बिजनेस निरंतरता योजना को भी सुगम बनाए रखा है।

डब्लूएफएच सुविधा ने भारतीय आईटी उद्योग को देशव्यापी लॉकडाउन के दौरान भी अपने वैश्विक ग्राहकों को कुशलतापूर्वक सेवा और महत्वपूर्ण समाधान (क्रिटिकल सॉल्यूशन) प्रदान करने में सक्षम बनाया है। व्यापक संचार नेटवर्क, डेटा केंद्र और क्लाउड एडॉप्शन जैसी सुविकसित आईटी–ग्रेड आधारभूत सुविधाओं से आईटी कंपनियों ने व्यापार जारी रखने में काफी स्थिरता और लचीलापन दर्शाया है। सरकार ने मानदंडों में ढील देने और विभिन्न नीति संशोधनों के लिए आवश्यक उपाय भी किए, जिसने भारतीय आईटी कंपनियों को उनके संचालन को प्रभावित किए बिना, वैश्विक ग्राहकों को सतत सेवा प्रदान करने में सहायता की है।

भारत ने पिछले तीन दशकों में वैश्विक आईटी सेवा बाजार में अपना एक स्थान बनाया है और स्पष्टतया एक वैश्विक आईटी सुपरपावर का गौरव हासिल किया है। हम जैसे जैसे ग्लोबल टेक्नोलॉजी वैल्यू चैन के अगले लेवल की ओर बढ़ रहे हैं उपयुक्त है कि एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण हो, जिसके माध्यम से नवप्रवर्तनकर्ता, नवोदित उद्यमी और स्टार्ट–अप, ट्रिलियन डॉलर की डिजिटल अर्थव्यवस्था के निर्माण में उभरती प्रौद्योगिकियों की क्षमता का लाभ उठा सकें। अब सभी विज्ञान, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी प्रतिभा पूल, अनुसंधान एवं विकास संस्थान और शिक्षा और उद्योग के बीच बेहतर सहयोग से, देश स्वयं को सेवा–आधारित अर्थव्यवस्था से उत्पाद–संचालित अर्थव्यवस्था में बदल सकता है और विश्व स्तर के उत्पादों को विकसित करके राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में एक महत्वपूर्ण योगदान कर सकता है।

भारतीय आईटी–बीपीएम उद्योग ने वित्त वर्ष 2018–19 के 177 बिलियन डॉलर की तुलना में वित्त वर्ष 2019–20 में 191 बिलियन डॉलर राजस्व के साथ 7.91% की वृद्धि दर्ज की है । इस उद्योग का निर्यात वित्त वर्ष 2018–19 के 136 बिलियन डॉलर से बढ़ कर वित्त वर्ष 2019–20 में 147 बिलियन डॉलर हो गया है जबकि इसी अवधी में घरेलू राजस्व (हार्डवेयर सहित) बढ़ कर 44 बिलियन डॉलर हो गया है । आईटी सेवा निर्यात 2018–19 के 74 बिलियन डॉलर की तुलना में बढ़ कर 2019–20 में 79 बिलियन डॉलर हो गया है और इसने 6.8% की वृद्धि दर्ज की है। आईटीईएस/बीपीएम निर्यात वर्ष 2018–19 के 31 बिलियन डॉलर की तुलना में वर्ष 2019–20 में बढ़ कर 33 बिलियन डॉलर हो गया है और इसने प्रति वर्ष 6.45% की वृद्धि दर्ज की है। ई आर एंड डी में 9.68% की वृद्धि हुई है जो वर्ष 2018–19 के 31 बिलियन डॉलर की तुलना में 2019–20 में बढ़ कर 34 बिलियन डॉलर हो गया है।

वर्ष 2019–20 में आईटी सॉफ्टवेयर और सेवाओं में 2,60,000 रोजगार की वृद्धि हुई है, जिससे प्रत्यक्ष रोजगार की संख्या 4.36 मिलियन हो गयी है जबकि इस क्षेत्र में अप्रत्यक्ष रोजगार की संख्या लगभग 10 मिलियन है। यह अनुमान है कि आईटी–बीपीएम क्षेत्र का बाजार 2025 तक बढ़ कर 350 बिलियन डॉलर हो जाएगा और कुल राजस्व में बीपीएम का हिस्सा 50–55 बिलियन डॉलर हो जाएगा । कुल भारतीय सेवा निर्यात में 45% के साथ आईटी–बीपीएम क्षेत्र का हिस्सा सबसे बड़ा है । आईटी–बीपीएम क्षेत्र (हार्डवेयर सहित) का सकल घरेलू उत्पाद में योगदान वर्ष 1998–99 के 1.2% की तुलना में 2019–20 में बढ़ कर लगभग 8%हो गया है।

आईटी–बीपीएम निर्यात में वृद्धि के लिए यूएस 62% हिस्सेदारी के साथ आईटी–बीपीएम निर्यात के क्षेत्र में अग्रणी स्थान बनाये हुए है, इसके बाद यूके का 17%, यूरोप महाद्वीप का 11%, एपीएसी का 8% और शेष विश्व का हिस्सा 2% है। कुल निर्यात में शीर्ष पांच वर्टिकल्स का हिस्सा 90% से अधिक है, जिसमे बीएफएसआई का योगदान 41%, हाई–टेक/टेलकॉम का 18%,विनिर्माण का 17%, खुदरा का 10% और स्वास्थ्य देखभाल का योगदान 5% है।

एसटीपीआई पंजीकृत आईटी/आईटीईएस इकाइयों के निर्यात ने 10.88% की वृद्धि दर्ज की है और यह वित्त वर्ष 2018–19 के 4,21,103 करोड़ रुपये से बढ़ कर वित्त वर्ष 2019–20 में 4,66,926 करोड़ रुपये हो गया है। इसके अलावा वित्त वर्ष 2019–20 में 100 एसटीपी इकाईयाँ पंजीकृत की गयीं।

वर्तमान वित्त वर्ष में टेक स्टार्टअप के क्षेत्र में भारत का प्रदर्शन उल्लेखनीय है । लगभग 1300 नए स्टार्टअप और 9 यूनिकॉर्न के जुड़ने के साथ ही देश में स्टार्टअप की संख्या 9300 से अधिक और यूनिकॉर्न की संख्या 26 हो गयी है। यह विश्व का तीसरा सबसे बड़ा पारिस्थितिकी तंत्र हो गया है।

राष्ट्रीय सॉफ्टवेयर उत्पाद नीति (एनपीएसपी) 2019 की परिकल्पना के अनुसार भारत को उत्पाद राष्ट्र में परिवर्तित करने की सरकार की कल्पना के अनुरूप एसटीपीआई ने अनेक उभरती प्रौद्योगिकी क्षेत्रों जैसे कि एआई एंड कंप्यूटर विजन, आईओटी, फिनटेक, ब्लॉकचेन, ऑगमेंटेड एंड वर्चुअल रियलिटी, गेमिंग एंड एनीमेशन, ईएसडीएम, डेटा साइंस एंड एनालिटिक्स, साइबर सिक्यूरिटी, ऑटोमोटिव कनेक्टेड इलेक्ट्रिक एंड शेयर्ड मोबिलिटी, मेडिकल इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हेल्थ इन्फार्मेटिक्स में सहयोगात्मक मॉडल से डोमेन केन्द्रित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने की नीतियाँ बनाई हैं। स्टार्टअप्स, नवोदित उद्यमियों और इनोवेटर्स को कल का सफल प्रौद्योगिकीय उद्यम बनाने और अनुसंधान और नवाचार और प्रौद्योगिकी के नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए एसटीपीआई ने उद्योग, शैक्षणिक समुदायों, उद्योग संघों, राज्य सरकारों और वेंचर कैपिटलिस्टों के साथ सहयोगात्मक पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण किया है। एसटीपीआई ने 13 सीओई लांच किये जिनमें नई दिल्ली में इलेक्ट्रोप्रिन्योर पार्क–चेन्नई में फिनब्लू, भुवनेश्वर में वीएआर सीओई, पुणे में मोशन, बेंगलुरू में आईओटी ओपन लैब, भुवनेश्वर में इलेक्ट्रोप्रिन्योर पार्क, मोहाली में न्यूरॉन और हैदराबाद में इमेज शुरू किए गए हैं। इसके अतिरिक्त गुरुग्राम में एपेरी, ओक्टटेन सीईओ के अंतर्गत गुवाहाटी में कृषि में आईओटी, शिलांग में एनिमेशन, इंफाल में इमर्जिंग टेक–एआर/वीआर, सीइओ, संजय गांधी पोस्ट ग्रेजुएट इस्टिटूट, लखनऊ में मेडटेक सीईओ और बेंगलुरु में अटल इन्क्यूबेशन सेंटर (एआईसी) शुरू किये जाने की योजना है।

इसके अलावा, नवाचार आधारित अर्थव्यवस्था, अग्रणी उत्पाद विकसित कर न केवल धन सृजन को बढ़ावा देगा बल्कि कौशल की एक नई पौध विकसित करेगा जिसके माध्यम से भारत किफायती उत्पाद और समाधान का निर्माण कर सामाजिक चुनौतियों का समाधान कर सकता है, हर स्तर पर आर्थिक समावेशन में वृद्धि कर सकता है और परिणामस्वरूप, अभिनव नवाचार उत्पादों के बड़े पैमाने पर उत्पादन पर फोकस कर सकल घरेलू उत्पाद में काफी बड़ा परिवर्तन ला सकता है और विकसित राष्ट्रों की वैश्विक लीग में शामिल हो सकता है।

सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया (एसटीपीआई)–एक अवलोकन

सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया (एसटीपीआई) की स्थापना और पंजीकरण, संस्था पंजीकरण अधिनियम, 1860 के अधीन एक स्वायत्त संस्था के रूप में तत्कालीन इलेक्ट्रॉनिकी विभाग (अब इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय) भारत सरकार के अंतर्गत 5 जून, 1991, को की गई थी, जिसका उद्देश्य सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स (एसटीपी) तथा इलेक्ट्रॉनिक्स हार्डवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स (ईएचटीपी) योजनाओं के कार्यान्वयन, आधारभूत सुविधाओं की स्थापना और उनका प्रबंधन तथा प्रौद्योगिकी मूल्यांकन एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण जैसी अन्य सेवाएं उपलब्ध कराना है।

संस्था के उद्देश्य

सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया के उद्देश्य हैं:

क) सूचना प्रौद्योगिकी समर्थित सेवाएं/जैव–आईटी सहित सॉफ्टवेयर और सॉफ्टवेयर सेवाओं के विकास और निर्यात को बढ़ावा देना।

ख) एसटीपी/ईएचटीपी तथा ऐसी अन्य योजनाओं को, जोकि सरकार द्वारा समय–समय पर तैयार करके सौंपी जाती हैं, कार्यान्वित करके निर्यातकों को सांविधिक तथा अन्य संवर्धनात्मक सेवाएं उपलब्ध कराना।

ग) सूचना प्रौद्योगिकी/सूचना प्रौद्योगिकी समर्थित सेवाएं उद्योगों को मूल्य संवर्धित सेवाओं सहित डेटा संचार सुविधाएं उपलब्ध कराना।

घ) सूचना प्रौद्योगिकी/सूचना प्रौद्योगिकी समर्थित सेवाओं के क्षेत्र में उद्यमशीलता के लिये अनुकूल वातावरण सृजत करके छोटे, लघु व मझौले उद्यमियों को बढ़ावा देना।

एसटीपीआई की पंजीकृत इकाइयों का प्रदर्शन

संस्था के उद्देश्यों को प्राप्त करने की दृष्टि से वित्त वर्ष 2019–20 के दौरान हासिल की गई मुख्य उपलब्धियां तथा निष्पादित कार्यों का विवरण नीचे दिया गया है:

सांविधिक सेवाओं का प्रावधान

एसटीपीआई प्रारंभ से ही निम्नलिखित योजनाओं के अंतर्गत पूरे देश में फैले विभिन्न एसटीपीआई केन्द्रों से सिंगल विन्डो क्लीयरेंस मैकेनिज्म द्वारा सांविधिक सेवाएं प्रदान कर रहा है:

(क) सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क (एसटीपी) योजना

(ख) इलेक्ट्रॉनिक्स हार्डवेयर टेक्नोलॉजी पार्क (ईएचटीपी) योजना

एसटीपीआई की पंजीकृत इकाइयों का प्रदर्शन

वित्त वर्ष 2019–20 के दौरान एसटीपी योजना में 96 नयी इकाइयां और केवल साफ्टेक्स अनुप्रमाणन सेवाऐं प्राप्त करने वाली 677 इकाइयां पंजीकृत की गयी। इस प्रकार, वित्त वर्ष 2019–20 में कुल 773 इकाइयां पंजीकृत की गई। पिछले 3 वर्षों के दौरान, एसटीपीआई के साथ पंजीकृत इकाइयों की कुल संख्या का ग्राफ नीचे दर्शाया गया है:



एसटीपीआई में पंजीकृत आईटी/आईटीईएस इकाइयों द्वारा निर्यात

एसटीपीआई पंजीकृत आईटी/आईटीईएस इकाइयों द्वारा निर्यात वर्ष 2018–19 के ₹ 4,21,103 करोड़ की तुलना में वर्ष 2019–20 में बढ़ कर ₹ 4,68,276 करोड़ हो गया और यह वृद्धि 11.20 प्रतिशत है। वर्ष 2019–20 के दौरान किए गए निर्यात का विवरण निम्नानुसार है:

क) एसटीपी योजना (एफटीडीआर अधिनियम 1992 के अंतर्गत) के अंतर्गत सेवाएं प्राप्त करने वाली इकाइयों ने ₹ 3,95,943.80 करोड़ का निर्यात किया ।

(ख) केवल सॉफ्टेक्स अनुप्रमाणन सेवाएं प्राप्त करने वाली इकाइयों ने ₹ 72,332.64 करोड़ का निर्यात किया।



क्र.सं.	राज्य/केंद्र शसित प्रदेश का नाम	वर्ष 2019–20 (₹ करोड़ में)
1	आंध्र प्रदेश	846.77
2	असम	22.27
3	बिहार	..
4	चंडीगढ	573.49
5	छत्तीसगढ	86.77
6	दिल्ली	1,861.34
7	गोवा	136.21
8	गुजरात	3,570.80
9	हरियाणा	25,478.77
10	हिमाचल प्रदेश	5.13
11	जम्मू और कश्मीर	6.24
12	झारखंड	14.24

क्र.सं.	राज्य/केंद्र शासित प्रदेश का नाम	वर्ष 2019–20 (₹ करोड़ में)
13	कर्नाटक	1,94,473.38
14	केरल	3,620.47
15	मध्य प्रदेश	756.72
16	महाराष्ट्र	91,513.90
17	मेघालय	15.00
18	ओडिशा	2,496.33
19	पुद्दुचेरी	341.77
20	पंजाब	558.83
21	राजस्थान	1,211.87
22	सिक्किम	19.43
23	तमिलनाडु	46,704.16
24	तेलंगाना	64,525.90
25	उत्तर प्रदेश	22,118.66
26	उत्तराखंड	137.85
27	पश्चिम बंगाल	7,180.13
	कुल	**4,68,276.44**

ईएचटीपी इकाइयों द्वारा किया गया निर्यात

ईएचटीपी इकाइयों द्वारा किया गया निर्यात वर्ष 2018–19 के ₹ 7,677 करोड़ की तुलना में, वर्ष 2019–20 में घट कर ₹ 7,257 करोड़ हो गया है और यह कमी 5.78% है।



सांविधिक और अन्य सहायता सेवाएं

सांविधिक और अन्य सहायता सेवाओं के प्रावधान के लिए केन्द्रों/सुविधाओं की स्थापना और विस्तार

आईटी/आईटीईएस/ईएसडीएम उद्योग के संवर्धन और विकास के अपने मुख्य उद्देश्य को प्राप्त करने के प्रयास में नए एसटीपीआई केन्द्रों की स्थापना की दिशा में और अधिक जोर दिया गया और मौजूदा केन्द्रों में सुविधाओं का सुधार और विस्तार किया गया। नए केंद्र और सुविधाओं का उद्देश्य उद्योग को सांविधिक और इन्क्यूबेशन सेवाएं प्रदान करना है ताकि सॉफ्टवेयर और सॉफ्टवेयर सेवाओं के यथा संभव उच्चतम निर्यात के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। इस समय पूरे देश में एसटीपीआई के कुल 60 केंद्र परिचालन में हैं, जिनमें से 52 टियर II और टियर III शहरों में हैं ।

वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान एसटीपीआई के निम्नलिखित बुनियादी सुविधाओं/केन्द्रों का परिचालन शुरू हो गया:

- एसटीपीआई–श्रीनगर में 23,960 वर्ग फीट की अतिरिक्त इन्क्यूबेशन सुविधा को 22–01–2020 से परिचालित किया गया।

निम्न नये केन्द्रों में बुनियादी ढांचे की स्थापना कार्यान्वयन के विभिन्न चरणो में है :

1. ईटानगर
2. आगरा
3. अमृतसर
4. गोरखपुर
5. मेरठ
6. कोचि
7. बालासोर
8. धनबाद
9. जमशेदपुर
10. बोकारो
11. भागलपुर
12. दरभंगा
13. कोरापुट

डेटा संचार सेवाएं

डेटा संचार सेवाओं का प्रावधान

एसटीपीआई का सॉफ्टवेयर निर्यात क्षेत्र में एक उल्लेखनीय योगदान हाई स्पीड डेटा कम्यूनिकेशन (एचएसडीसी) सेवाएं उपलब्ध कराना है। एसटीपीआई द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया, अत्याधुनिक एचएसडीसी नेटवर्क, सॉफ्टनेट, सॉफ्टवेयर निर्यातकों को प्रतिस्पर्धात्मक मूल्य पर उपलब्ध है।

एसटीपीआई केन्द्रों में अंतर्राष्ट्रीय गेट्वे तक लोकल के लिए लोकल, प्वाइंट–टू–प्वाइंट और प्वाइंट–टू–मल्टी प्वाइंट माईक्रोवेव रेडियो के जरिए उपलब्ध कराया जाता है, जिसमें लास्ट माईल समस्या को दूर किया गया है तथा एसटीपीआई लगभग 99.9 प्रतिशत का उच्च अप–टाईम कायम रखने में सक्षम हुआ है। जहाँ कहीं भी संभव हैं, वहाँ स्थलीय केबल (फाइबर/कॉपर) भी इस्तेमाल किये जाते हैं। ये संचार सुविधाएँ अपतटीय सॉफ्टवेयर कार्यकलापों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं और कई आईटी/आईटीईएस उद्यमों की सफलता के लिए आधार के रूप में कार्य करती हैं।

एसटीपीआई अपने नेटवर्क के जरिये निम्नलिखित एचएसडीसी सेवाएं उपलब्ध कराता है:

- साझेदारी पर आधारित इंटरनेट सेवाएं–सॉफ्टलिंक
- को–लोकेशन सेवाएं

सॉफ्टलिंक

सॉफ्टलिंक एक ऐसी सेवा है, जो शेर्यड और डेडिकेटेड आधार पर इंटरनेट अभिगम्यता उपलब्ध करा रही है। उद्योगों की बढ़ती हुई मांग को पूरा करने की दृष्टि से बेहतर गुणवत्ता और प्रतिबद्धता के लिए यह सेवा शुरू की गयी थी। आज काफी संख्या में ग्राहकों द्वारा सॉफ्टलिंक सेवा का लाभ उठाया जा रहा है। वर्ष 2019–20 में, पूरे देश में, एसटीपीआई ने लगभग 15,596 एमबीपीएस इंटरनेट बैंडविड्थ की सुविधा दी है, जिनमें अधिकतर एसटीपीआई पंजीकृत इकाइयां हैं।

अभिगम्यता नेटवर्क/अंतिम छोर तक संपर्क

अंतिम छोर तक विश्वसनीय सम्पर्क उपलब्ध कराने की दृष्टि से एसटीपीआई ने प्वाइंट–टू–प्वाइंट और प्वाइंट–टू–मल्टी प्वाइंट बेतार नेटवर्क का प्रयोग करते हुए स्वयं का सूक्ष्म तरंग नेटवर्क स्थापित किया है, जिससे एसटीपी इकाइयों की मूल आवश्यकताएं पूरी होती हैं। माइक्रोवेव ईथरनेट रेडियो जैसी नई प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल से नेटवर्क और अधिक सुदृढ़ हुआ है तथा एसटीपीआई के कुल नियंत्रण में लम्बी दूरी के साथ अंतिम छोर तक बड़ी बैंडविड्थ की डिलीवरी कर सका है।

परियोजना प्रबंधन और परामर्श (पीएमसी) सेवाएं

पिछले कई वर्षों में, एसटीपीआई प्रौद्योगिकी सेवाओं ने संख्या और सेवा दोनों में बहुत विकास किया है। आज, एसटीपीआई की पीएमसी सेवा पोर्टफोलियो में संचार एवं आईटी, परियोजना प्रबंधन एवं परामर्श सेवाएं और आईटी सुरक्षा लेखा परीक्षा सेवाएं शामिल हैं और ये सरकारी विभागों, आईटी उद्योग, शिक्षा जगत के साथ–साथ विदेशी सरकारी संगठनों सहित ग्राहकों की सेवा में कार्यरत हैं।

एसटीपीआई अपने ठोस डोमेन ज्ञान, तकनीकी क्षमता तथा प्रक्रिया ज्ञान के जरिए अपने उपभोक्ताओं की आवश्यकता को पूरा करने के लिए तदनुकूल समाधान हेतु बेहतर रणनीति बनाने में सक्षम हुआ है। इन समाधानों के परिणामस्वरूप संस्थागत संसाधनों का उचित उपयोग और अपेक्षाएं पूरी हुई हैं। दशकों से, एसटीपीआई ने परियोजना प्रबंधन और परामर्श सेवाएं प्रदान करके कई सरकारी संगठनों की सहायता की है।

कर्नाटक वन विभाग (केएफडी),कर्नाटक सरकार के लिए आईटी संरचना उन्नयन हेतु पीएमसी सेवाएं

कर्नाटक वन विभाग (केएफडी),कर्नाटक सरकार बेंगलुरु स्थित अरण्य भवन कार्यालय के मौजूदा आईटी बुनियादी ढांचे का उन्नयन करना चाहता है। इस संबंध में केएफडी ने आईटी अवसंरचना की खरीद और परिचालन और रखरखाव के लिए तकनीकी सहायता प्रदान करने हेतु बेंगलुरु स्थित अरण्य भवन कार्यालय में मौजूदा आईटी बुनियादी ढांचे का उन्नयन करने के लिए एसटीपीआई को पीएमसी सेवा सौंपी है।

परियोजना स्कोपः

- मौजूदा नेटवर्क आर्किटेक्चर का एएस–आईएस अध्ययन, ईपीएबीएक्स, ऑडियो–विजुअल सॉल्यूशन, सर्वर रूम समेकन, सीसीटीवी, मौजूदा बैंडविड्थ, यूपीएस का आकलन आदि ।
- लैन और वैन का डिजाइन करना, जिसमें वायरलेस सुविधाओं के साथ लैन और वैन, मापनीयता, अतिरेक, नेटवर्क की सुरक्षा और आईटी अवसंरचना के अनुकूलन और बेहतर रखरखाव के लिए नेटवर्क/सर्वर कक्ष का निर्माण शामिल है ।
- निष्क्रिय और सक्रिय नेटवर्क घटक की खरीद के लिए विनिर्देशों के साथ विस्तृत सामग्री बिल (बीओएम) तैयार करना।
- सिस्टम इंटीग्रेटर के चयन के लिए सामग्री के बिल के विस्तृत विनिर्देश (बीओएम) के साथ आरएफपी (निविदा दस्तावेज) तैयार करना ।
- सिस्टम इंटीग्रेटर के चयन के लिए बोलियों के मूल्यांकन के दौरान सहायता ।
- सिस्टम इंटीग्रेटर द्वारा नेटवर्किंग इन्फ्रास्ट्रक्चर के कार्यान्वयन की निगरानी ।
- नेटवर्क कार्यान्वयन का सत्यापन और साइन ऑफ।
- रिपोर्ट प्रस्तुत करना और प्रमाणन।

खजाने–II परियोजना के लिए परामर्श सेवाएं

ट्रेजरी विभाग, कर्नाटक सरकार ने अपने परिचालन को वर्ष 2002 के दौरान कम्प्यूटरीकृत किया था। नेटवर्क ढांचा "वीसैट" पर तैयार किया गया था और इसका रखरखाव वर्ष 2010 तक एसटीपीआई द्वारा किया गया था, जो बाद में केएसडब्लूएएन को स्थानान्तरित हो गया। विभाग अपने विकेंद्रीकृत आर्किटेक्चर अर्थात खजाने–I को केंद्रीकृत आर्किटेक्चर अर्थात खजाने–II में परिवर्तित कर रहा है। खजाने–II, एक एकीकृत वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (आईएफएमएस) है, जो राज्य बजट के व्यापक लेखा प्रणाली पर ध्यान देता है और उसे दिन प्रति दिन की गतिविधियों के लिए एकीकृत खजाने–II का उपयोग करने के लिए कर्नाटक में सभी हितधारियों के साथ एकीकृत किया गया है।

आईसीटी संरचना और डेटा सेंटर के निर्बाध संचालन के लिए विभाग ने एसटीपीआई की परामर्श सेवाएं ली हैं।

एसटीपीआई ने खजाने–II डेटा सेंटर, डीआर/बीसीपी स्थापित करने के लिए परामर्श सेवाएं प्रदान की हैं और खजाने–II परियोजना के संचालन में मदद की है।

परियोजना स्कोप :

- खजाने–II के डीसी, डीआर और आईसीटी संरचना की जरूरतों को अंतिम रूप देने में सहायता ।
- ट्रेजरी कार्यालय के लिए अनेक आईटी/नॉन–आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर की खरीद के लिए निविदा प्रक्रिया में सहायता करना।
- पूरे 218 ट्रेजरी कार्यालयों में लैन स्थापित करने के दौरान और डेटा सेंटर में नॉन–आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर स्थापित करने में सिस्टम इंटीग्रेटर के साथ समन्वय।
- परियोजना कार्यान्वयन की समीक्षा के लिए परियोजना की प्रगति की समीक्षा और प्रबंधन को अद्यतन करना।

कर्नाटक म्युनिसिपल डेटा सोसाइटी (केएमडीएस) (विगत में एमआरसी के रूप में ज्ञात) डेटा सेंटर हेतु डेटा सेंटर संरचना सेवाएं

एसटीपीआई, कर्नाटक म्युनिसिपल डेटा सेंटर के लिए परिचालन और रख रखाव सेवाएं प्रदान कर रहा है, जिसमे केएमडीएस डेटा सेंटर के आरंभ से ही नागरिक केन्द्रित एप्लीकेशन के लिए सर्वर और सिस्टम एडमिनिस्ट्रेशन, नेटवर्क एडमिनिस्ट्रेशन, डीबीए, आदि शामिल है। केएमडीएस को एसएएन और इंटरनेट जैसी सम्बद्ध सेवाएं भी दी जा रही हैं। इसके साथ म्युनिसिपल प्रशासन निदेशालय (डीएमए) सफलतापूर्वक सभी नागरिक केन्द्रित एप्लीकेशन्स प्रदान कर रहा है। एसटीपीआई ने सफलतापूर्वक सेवाएं प्रदान की हैं और सिस्टम, डेटाबेस और नेटवर्क का 99.9 प्रतिशत अपटाइम बनाए रखने में सफल रहा है।

परियोजना स्कोप :

केएमडीएस डेटा सेंटर के लिए निम्नलिखित सुविधा प्रबंधन (संचालन और रखरखाव) सेवाएं शामिल हैं:

- सिस्टम प्रशासन
- नेटवर्क प्रशासन
- डेटाबेस प्रशासन
- आईटी प्रबंधन समर्थन सेवाएं

बेंगलुरू मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीएमआरसीएल), कर्नाटक सरकार को ऑफसाईट डेटाबेस प्रशासन (डीबीए) सहायक सेवाएं

एसटीपीआई वीपीएन के माध्यम से बीएमआरसीएल को दूरस्थ डेटाबेस के लिए ऑफसाईट डेटाबेस प्रशासन (डीबीए) सहायक सेवा प्रदान कर रहा है और डीआर की स्थापना में डेटाबेस प्रतिकृति तथा ऑरेकल डेटाबेस को विंडोज प्लेटफॉर्म से लिनेक्स में बदलने के लिए बीएमआरसीएल को सेवा प्रदान कर रहा है। एसटीपीआई उन्नत अपटाइम, प्रणाली उपलब्धता और बेहतर कार्य निष्पादन के साथ सफलतापूर्वक सेवाएं प्रदान कर रहा है।

परियोजना स्कोप :

- जब और जहाँ जरूरी हो, रिमोट एक्सेस की सहायता से बीएमआरसीएल के डेटाबेस की आवधिक देखभाल, जिसमें प्रदर्शन सुधार, बैकअप, पैच अपडेट, आदि शामिल हैं।
- डीआर की स्थापना, डेटाबेस प्रतिकृति और ऑरेकल डेटाबेस को विंडोज प्लेटफॉर्म से लिनेक्स में बदलने के लिए बीएमआरसीएल को सहायता प्रदान करना।

इंटीग्रेटेड सिटी ऑपरेशन प्लेटफार्म (आईसीओपी) सहित स्मार्ट सिटी एप्लीकेशन प्रदान करने के लिए केंद्रीकृत डेटा सेंटर स्थापित करने हेतु परियोजना प्रबंधन और परामर्श सेवाएं

शहरी विकास मंत्रालय, भारत सरकार ने स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम) शुरू किया है। कर्नाटक में कर्नाटक अर्बन इन्फ्रास्ट्रक्चर डेव्लपमेंट एंड फाइनेंस कारपोरेशन लिमिटेड (केयुआईडीएफसी) स्मार्ट सिटी मिशन के लिए राज्य स्तरीय नोडल एजेंसी (एसएलएनए) है। स्मार्ट सिटी मिशन का उद्देश्य ऐसे शहरों को बढ़ावा देना है, जो मौलिक संरचना प्रदान करे, अपने नागरिकों को बेहतर गुणवत्ता युक्त जीवन स्तर प्रदान करे और सेवाओं एवं मौलिक ढांचे में सुधार के लिए स्मार्ट समाधान लाये ।

केयुआईडीएफसी ने पांच शहरो (हुबली–धारवाड़, मंगलुरु, तुमकुर, शिमोगा और दावणगेरे) में पांच स्मार्ट तत्वों चीजों की पहचान की है, जिनको कर्नाटक म्यूनिसिपल डाटा सोसाइटी (केएमडीएस) राजाजीनगर, बेंगलुरु में केंद्रीकृत रुप में शुरू किया जा सकता है। सभी पाँच शहरों के लिए कॉमन सेंट्रलाइज्ड आर्किटेक्चर आईसीटी संसाधनों के बेहतर उपयोग में सहायता करेगा।

परियोजना स्कोप

केयूआईडीएफसी शहरी विकास विभाग, कर्नाटक सरकार ने म्युनिसिपल प्रशासन निदेशालय (डीएमए) के माध्यम से एसटीपीआई को परियोजना प्रबंधन सलाहकार नियुक्त किया है, जो स्मार्ट सिटी अनुप्रयोज्यता सहित इंटीग्रेटेड सिटी ऑपरेशन्स प्लेटफॉर्म (आईसीओपी) शुरू करने के लिए केंद्रीकृत डेटा सेंटर स्थापित करेगा ।

एसटीपीआई की सेवा के व्यापक दायरे में डेटा सेंटर का डिजाइन तैयार करना, आईसीटी इंफ्रास्ट्रक्चर (आईटी और गैर आईटी) का आकार तैयार करना, डीपीआर तैयार करना, उपयुक्त सिस्टम इंटीग्रेटर के चयन के लिए आरएफपी कागजात तैयार करना, कार्यान्वयन के दौरान परियोजना की निगरानी आदि शामिल हैं ।

एसटीपीआई ने बोली मूल्यांकन और मास्टर सिस्टम इंटीग्रेटर के चयन के दौरान केएमडीएस की सहायता की है। वर्तमान में डेटा सेंटर कार्यान्वयन कार्य प्रगति पर है और एसटीपीआई परियोजना निगरानी सेवा प्रदान कर रहा है।

कोइरा खदान क्षेत्र में खान जाँच गेट्स हेतु सीयूजी नेटवर्क की स्थापना

एसटीपीआई–भुवनेश्वर को खदान निदेशालय, ओडिशा सरकार ने कोइरा खदान क्षेत्र, उडीसा में छह जांच गेटों और उप निदेशक खदान कार्यालय के बीच सीयूजी नेटवर्क की स्थापना का काम दिया है।

एसटीपीआई, परियोजना के परियोजना प्रबंधन और परामर्शदाता के रूप में कार्य कर रहा है और चयनित एजेंसियों के माध्यम से निम्नलिखित समाधान/सेवाएं प्रदान कर रहा है :

- डीडीएम कोईरा कार्यालय और 6 चेक गेट्स को जोड़ने के लिए एक मजबूत और सुरक्षित नेटवर्क बुनियादी ढांचे का निर्माण ।
- ऑनलाइन जांच और अपडेट के लिए चेक गेट स्तर पर आधुनिक आईटी संरचना की स्थापना करना।
- वास्तविक समय निगरानी बनाए रखने के लिए निगरानी सुविधा का निर्माण करना।
- प्रबंधन और समाधान की निगरानी के लिए विशेषज्ञ कर्मियों के साथ पीएमयू प्रबंध।

यह परियोजना, जो 31 मार्च, 2015 को शुरू की गई थी, छह वर्षों तक चलेगी। एसटीपीआई उपरोक्त अवधि के दौरान परियोजना के परिचालन और रखरखाव के लिए उत्तरदायी है

क्योंझर और जाजपुर रोड खान सर्किल में खान जांच गेटों हेतु सीयूजी नेटवर्क की स्थापना

एसटीपीआई–भुवनेश्वर को खदान निदेशालय, ओडिशा सरकार ने क्योंझर और जाजपुर रोड खान सर्किल, ओडिशा में बारह जांच गेटों और उप निदेशक खदान कार्यालय के बीच सीयूजी नेटवर्क की स्थापना का काम दिया है, जिसके उद्देश्य निम्नलिखित हैं :

- चेक गेट्स और क्योंझर के खान कार्यालय और 3 चेक गेट्स और जाजपुर रोड खान सर्किल के पारादीप में डीडीएम और एएमओ कार्यालय को कनेक्ट करने के एक मजबूत और सुरक्षित नेटवर्क बुनियादी ढांचे का निर्माण ।
- ऑनलाइन जांच और अपडेट के लिए चेक गेट स्तर पर आधुनिक आईटी संरचना की स्थापना करना।
- वास्तविक समय निगरानी बनाए रखने के लिए निगरानी सुविधा का निर्माण करना।
- प्रबंधन और समाधान की निगरानी के लिए विशेषज्ञ कर्मी दल की तैनाती ।
- वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में इन्टरनेट कनेक्टिविटी प्रदान करना ।

यह परियोजना स्थापना और 18 महीने तक रख रखाव (6 महीने स्थापना के लिए और 1 वर्ष रख रखाव के लिए) के लिए 31 दिसम्बर, 2018 को आरंभ की गयी थी। एसटीपीआई उपरोक्त अवधि के दौरान परिचालन और रख रखाव के लिए जिम्मेदार है।

गोवा में गोवा ब्रॉडबैंड नेटवर्क (जीबीबीएन) का तृतीय पक्ष ऑडिटर (टीपीए)

गोवा ब्रॉडबैंड नेटवर्क(जीबीबीएन) पूरे गोवा राज्य में यथा आवश्यक वायरलेस कनेक्टिविटी के साथ आप्टिक फाइबर केबल कनेक्टिविटी सहित ब्रॉडबैंड नेटवर्क इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रदान कर रहा है। एसटीपीआई पूरे गोवा में जीबीबीएन नेटवर्क की निगरानी के लिए तृतीय पक्ष ऑडिटर (टीपीए) के रूप में कार्य कर रहा है। टीपीए एजेंसी के कार्य क्षेत्र में जीबीबीएन के कार्य क्षेत्र की निगरानी, सेवा समझौते में यथा परिभाषित अपेक्षित सेवा गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नेटवर्क की आवधिक लेखा परीक्षा शामिल है। लेखा परीक्षा का मुख्य प्रयोजन एसएलए में परिभाषित अपेक्षित सेवा शर्तों में परियोजना के लक्ष्य को हासिल करना और सेवा स्तर में सुधार के लिए सिफारिश करना है। एसटीपीआई का पाँच वर्षों के लिए टीपीए के रूप में चयन किया गया है। समझौते पर 1 अप्रैल, 2016 को हस्ताक्षर किया गया था। एसटीपीआई, त्रैमासिक गारंटीड राजस्व रिपोर्ट (क्यूजीआर), राज्य सरकार को नियमित रूप से देता आया है, जिसमें कार्यनिष्पादन लेखा–परीक्षा रिपोर्ट, एसएलए गणना और आंतरिक और सुरक्षा लेखा–परीक्षा रिपोर्ट शामिल हैं।

सर्ट–इन (CERT-In), दिल्ली के लिए पीएमसी सेवाएं

सर्ट–इन (CERT-In) साइबर सुरक्षा उल्लघंन से संबंधित घटनाओं की रोकथाम और प्रतिक्रिया सेवाएं और साथ ही सुरक्षा गुणवत्ता प्रबंधन सेवाएं प्रदान करता है। सूचना प्रौद्योगिकी (संशोधन) अधि नियम 2008 के अनुसार, साइबर घटनाओं की जानकारी का प्रसार, विश्लेषण और संग्रह जैसे कार्यों को करने के लिए सर्ट–इन (CERT-In) को राष्ट्रीय एजेंसी के रूप में नामित किया गया है।

एसटीपीआई को सर्ट–इन (CERT-In) द्वारा सातवें तल, डीएमआरसी आईटी पार्क, शास्त्री पार्क, नई दिल्ली पर संचालन और अनुरक्षण सहित प्रथम तल पर डेटा सेन्टर, स्मार्ट लैब और निगरानी सुविधा की स्थापना के लिए अनुबंधित किया गया है। यह डेटा सेन्टर खुले असुरक्षित सार्वजनिक डोमेन और संवेदनशील सरकारी वातावरण के बीच मध्यस्थ और अभिसरण बिंदु के रूप में कार्य करेगा। डेटा केन्द्र में प्रमाणीकरण मैट्रिक्स के आधार पर अपने संबधित सिस्टम तक पहुंचाने के लिए सर्ट–इन (CERT-In) को प्रमाणित करने के लिए उच्च उपलब्धता, केन्द्रीकृत प्रमाणीकरण प्रणाली होगी।

परियोजना स्कोप

- फाल्स सीलिंग, उठी हुई फर्श, नमी रोकने और खिड़कियों और अन्य सभी आवश्यक घटकों को सुदृढ़ करने सहित डेटा सेंटर के निर्माण के लिए आवश्यक सिविल, इलेक्ट्रिकल और मेकेनिकल कार्यों के सन्दर्भ में प्रस्तावित डाटा सेंटर, स्मार्ट लैब्स, ड्रिल रूम, ट्रेनिंग सेंटर, एनओसी और मॉनिटरिंग रूम की डिजाईन और साईट की तैयारी ।
- आवश्यक बुनियादी ढाँचे की आपूर्ति, स्थापना और गठन।
- बायोमीट्रिक आधारित अभिगम–नियंत्रण प्रणाली, सीसीटीवी/निगरानी प्रणाली जैसे मल्टी–लेयर भौतिक सुरक्षा, बुनियादी ढांचे की आपूर्ति, स्थापना और गठन।
- डेटा सेंटर में बुनियादी ढांचे को स्थापित करने में आपूर्ति किए गए सभी उपकरणों और उनके घटकों का एक–वर्षीय ऑनसाइट रखरखाव।
- योग्य इंजीनियरों/कर्मियों द्वारा एक वर्ष की अवधि के लिए 24×7×365 आधार पर डेटा सेंटर अवसंरचना संचालन के लिए ऑनसाइट सहायता।

यह परियोजना 1 अक्टूबर 2019 को आरंभ की गयी थी। 31 मार्च 2020 तक डीएमआरसी आईटीपार्क के प्रथम तल पर डेटा केंद्र, स्मार्ट लैब और मॉनिटरिंग सुविधा स्थापित करने की परियोजना पूरी हो चुकी थी और उसे सीईआरटी–ईन को सौंप दिया गया है। एसटीपीआई ओ एंड एम टीम ने परिचालन और रख रखाव समर्थन कार्य प्रारंभ कर दिया है।

भुवनेश्वर में फैब लैब की स्थापना

फैब लैब नवाचार और अन्वेषण के लिए एक तकनीकी प्रोटोटाइप मंच है, जो विशेष रूप से स्टार्ट–अप/ उद्यमियों/एसएमई/ स्टार्ट–अप समुदायों को स्थानीय उद्यमिता के लिए प्रोत्साहन प्रदान करता है। यह सीखने और नवाचार, गेमिंग, सृजन, मेंटर, आविष्कार करने के लिए एक मंच है। यह उद्यमियों को कम लागत पर प्रोटोटाइप बनाने के लिए उपकरण प्रदान करता है।

फैब लैब व्यवसाय और इनक्यूबेटर, तकनीकी प्रशिक्षण संस्थानों, सामुदायिक कॉलेजों, संग्रहालयों और पुस्तकालयों, सामुदायिक केंद्रों और सरकारी कार्यालयों, विश्वविद्यालयों और स्कूलों का हिस्सा हो सकता है।

एसटीपीआई ने समतुल्य अनुदान के माध्यम से परियोजना की सहायता के लिए ओडिशा सरकार के साथ हाथ मिलाया है। यह ओडिशा राज्य में उभरती हुई अवधारणाओ, नवोन्मेषी व्यावसायिक विचारो और स्टार्ट–अप इकाइयों को उद्यमशीलता उपक्रमों में विकसित होने के लिए रचनात्मक सहायता देते हुए एक सहायक मंच बनाने में संयुक्त पहल को सुदृढ़ करेगा।

एसटीपीआई गुजरात और पश्चिम बंगाल की राज्य सरकारों के साथ उन क्षेत्रों में फैब लैब्स स्थापित करने के लिए बातचीत कर रहा है।

अनिवार्य पंजीकरण आदेश (सीआरओ) के अनुसार इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की निगरानी गतिविधि

देश की जरूरतों को पूरा करने और अंतरराष्ट्रीय बाजार की सेवा के लिए विश्व स्तर पर एक प्रतिस्पर्धी इलेक्ट्रॉनिक डिजाइन और निर्माण उद्योग बनाने की दृष्टि से, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 19 नवंबर, 2012 को राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स नीति (एनपीई) अधिसूचित की गयी थी। नीति पूरे देश में गुणवत्ता मूल्यांकन बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों और सेवाओं के मानकों और प्रमाणन को विकसित करने और अनिवार्य बनाने के लिए एक संस्थागत तंत्र के सृजन की आवश्यकता पर स्पष्ट रूप से बल देती है। नीति निम्नलिखित उद्देश्य के साथ प्रभावी होती है:

- भारतीय उपभोक्ताओ को विश्व स्तरीय उत्पाद का लाभ देना।
- वैश्विक प्रतिस्पर्धा लाने के लिए घरेलू उत्पादों की गुणवत्ता का उन्नयन।
- गैर–अनुपालन माल के डंपिंग को रोकने के लिए नीति विकसित करना।

नीति में दिए गए उद्देश्यों का पालन सुनिश्चित करने के लिए, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) ने 3 अक्टूबर 2012 को अधिसूचित 'इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी माल (अनिवार्य पंजीकरण के लिए आवश्यकता) आदेश, 2012' के तहत इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं की पचास श्रेणियों को उपभोक्ता मामले विभाग की अनिवार्य पंजीकरण योजना के तहत भारतीय सुरक्षा मानक के अनुपालन को अनिवार्य बनाने का आदेश दिया।

अधिसूचित उत्पादों पर ध्यान देने के लिए उद्योग अनुकूल तरीके से पैन–इंडिया निगरानी प्रक्रिया के लिए, एमईआईटीवाई ने एसटीपीआई को निगरानी गतिविधि का कार्य सौंपा है।

दिनांक 06 मार्च 2018 के आदेश के अनुसार, एसटीपीआई अनिवार्य निगरानी से संबंधित निर्धारित कार्य करेगा। सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क (एसटीपी) और इलेक्ट्रॉनिक हार्डवेयर टेक्नोलॉजी पार्क (ईएचटीपी) जैसी सांविधिक योजनाओं को क्रियान्वित करने में एसटीपीआई का अनुभव, साथ ही पूरे भारत में एसटीपीआई के कार्यबल और कार्यालयों का नेटवर्क और इन–हाउस क्षमता और प्रशिक्षण का अनुभव उसे अनिवार्य पंजीकरण योजना के अंतर्गत इन कार्यकलापों को प्रबंधित और निष्पादित करने में सक्षम बनाता है।

बीपीओ संवर्धन योजनाएं–आईटी नौकरियों का सृजन

संतुलित क्षेत्रीय विकास और छोटे शहरों में आईटी उद्योग के विस्तार के लिए, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने डिजिटल इंडिया पहल के तहत भारत बीपीओ संवर्धन योजना (आईबीपीएस) और पूर्वोत्तर बीपीओ संवर्धन योजना (एनईबीपीएस) आरम्भ की गई थी। इन योजनाओं के उद्देश्य छोटे शहरों में बीपीओ/आईटीईएस परिचालन स्थापित कर स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजत करना और संबंधित क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिए निवेश आकर्षित करना हैं। एसटीपीआई दोनों योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए नोडल एजेंसी है। उपरोक्त योजनाएं पात्र कंपनियों को वायबिलिटी गैप फंडिंग के रूप में प्रति सीट 1 लाख रूपए तक की वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

एनईबीपीएस का लक्ष्य पूर्वोत्तर राज्यों में 5000 सीटों की स्थापना के लिए सहायता प्रदान करना है। योजना के अंतर्गत बीपीओ/आईटीईएस के संचालन के लिए 30 सफल बोलीदाताओं को 3,511 सीटें आवंटित की गई हैं। एनईबीपीएस के तहत 14 बीपीओ/आईटीईएस इकाइयां परिचालन में है जिन्होंने 712 व्यक्तियों को रोजगार दिया है।

उत्तर–पूर्वी क्षेत्र (एनईआर) और मेट्रो शहरों को छोड़कर आईबीपीएस योजना के अंतर्गत, पूरे देश में 48,300 सीटों के वितरण की योजना बनाई गई है। आईबीपीएस के तहत पूरे देश में बीपीओ/आईटीईएस ऑपरेशन की स्थापना के लिए 217 सफल बोलीदाताओं को 57,697 सीटों का आवंटन किया गया है आईबीपीएस के तहत 248 बीपीओ/आईटीईएस इकाइयां परिचालन में हैं जिन्होंने 35,505 व्यक्तियों को रोजगार दिया है।





सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई)

माननीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने पूरे भारत में सहयोगात्मक तरीके से एसटीपीआई द्वारा डोमेन केन्द्रित "सेंटर ऑफ एक्सीलेंस" (सीओई) स्थापित करने के सम्बन्ध में 13 फरवरी 2018 को एक घोषणा की थी, ताकि यह सुनिश्चित हो कि भारत आईओटी, ब्लाकचेन, फिनटेक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग, ऑगमेंटेड और वर्चुअल रियलिटी, गेमिंग और एनीमेशन, मेडिकल इलेक्ट्रॉनिक्स और हेल्थ इन्फार्मेटिक्स, डेटा साइंस और एनालिटिक्स, साइबर सिक्यूरिटी, चिप डिजाइनिंग, ईएसडीएम, आदि उभरते क्षेत्रों में नेतृत्व और उदीयमान उद्यमियो की एक नयी पौध का निर्माण करे।

एसटीपीआई ने इस अवधारणा को और आगे बढ़ाते हुए देश के विभिन्न भागों में उपयुक्त सहभागियों के साथ सहयोग कर अनेक डोमेन केंन्द्रित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने का प्रस्ताव किया है। प्रत्येक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस एक एकल–खिड़की सुगमता केंद्र के रूप में कार्य करेगा, जिसका उद्देश्य भारत सरकार, विभिन्न राज्य सरकारों, उद्योग, शैक्षणिक समुदायों, डोमेन और प्रौद्योगिकी, वेंचर कैपिटलिस्टों और अन्य स्टार्ट अप पारिस्थितिकी प्रणाली के हितधारियों के सहयोग से प्रयोगशाला और इन्क्यूबेशन, प्रशिक्षण, मेंटरिंग, हैण्ड–होल्डिंग, एक्सेस टू फण्ड, नेटवर्किंग, मार्किट आदि सहित व्यापक संरचनात्मक और मौलिक समर्थन प्रदान करना है। सीओई के इस सहयोगी मॉडल में प्रतिष्ठित उद्योग/शैक्षणिक समुदायों/उद्यमियों को 'मुख्य मेंटर' के रूप में शामिल कर उसका और विस्तार किया जाता है, जो सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के ब्रांड एम्बेसडर के रूप में भी काम करते हैं।

सीओई, जिसमे समर्पित परिचालन दल और समर्थक कर्मचारी होते हैं, द्वारा देश में ही विश्व स्तरीय आईटी उत्पाद और आईपीआर विकसित करने और "रोजगार निर्माता" बनने के लिए स्टार्ट अप का पोषण करने और उसे बढ़ावा देने के स्पष्ट उद्देश्य से उसकी आयोजना इस प्रकार की जाती है कि वह योजना, परिचालन, नेटवर्किंग, आउटरीच, मेंटरिंग और अन्य सेवाओं की देख भाल करे।

वर्ष 2019–20 में, छह सीओई अर्थात् मोशन, आईओटी ओपनलैब, इलेक्ट्रोप्रिन्योर पार्क भुवनेश्वर, न्यूरॉन, फिनब्लू और इमेज को लॉन्च किया गया और पहले से ही लॉन्च किए गए दो सीओई अर्थात् इलेक्ट्रोप्रिन्योर पार्क दिल्ली और वीएआरसीओई की सूची में जोड़ा गया । इसके अलावा, छह और सीओई कार्यान्वयन के विभिन्न चरण में हैं और जल्द ही शुरू किए जाएंगे।

तदनुसार, 31 मार्च 2020 तक निम्नलिखित 14 सीओई लॉन्च किए गए हैं और वे कार्यान्वयन और संचालन के विभिन्न चरणों में हैं:

- दिल्ली में इलेक्ट्रोप्रिन्योर पार्क
- आईआईटी भुवनेश्वर में वीएआरसीओई
- एसटीपीआई चेन्नई में फिनब्लू
- एसटीपीआई पुणे में मोशन
- एसटीपीआई बेंगलुरु में आईओटी ओपनलैब
- इलेक्ट्रोप्रिन्योर पार्क, एसटीपीआई भुवनेश्वर में एक ईएसडीएम सीओई
- एसटीपीआई मोहाली में न्यूरॉन
- एसटीपीआई हैदराबाद में इमेज
- एसटीपीआई बेंगलुरु में अटल इनक्यूबेशन सेंटर (एआईसी)
- एसटीपीआई गुरुग्राम में एपीआईएआरवाई
- एसटीपीआई गुवाहाटी में कृषि में ऑक्टेन आईओटी
- एसटीपीआई शिलांग में ऑक्टेन एनिमेशन
- इंफाल में ऑक्टेन एआर/वीआर
- एसजीपीजीआई लखनऊ में मेडटेक

प्रत्येक सीओई का संक्षिप्त विवरण और स्थिति नीचे दी गयी है:–

दिल्ली में इलेक्ट्रोप्रिन्योर पार्क (ईपी)

इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम डिजाइन और विनिर्माण (ईएसडीएम) भारतीय अर्थव्यवस्था के सबसे तेजी से बढ़ने वाले क्षेत्रों में से एक है। इस उद्योग के नए उद्यमियों को समर्थन देने के लिए, दिल्ली विश्वविद्यालय और भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर एसोसिएशन (आईईएसए) के सहयोग से एसटीपीआई ने दिल्ली विश्वविद्यालय कैंपस में एक इलेक्ट्रोप्रिन्योर पार्क (ईपी) स्थापित किया है।

यह पहल ईएसडीएम विस्तार में 50 स्टार्टअप को सपोर्ट करने और पांच साल की अवधि में कम से कम 5 वैश्विक कंपनियों के सृजन का लक्ष्य रखती है। यह पार्क स्थानीय आईपी निर्माण और स्वदेशी उत्पाद विकास पर ध्यान केंद्रित करेगा, जिससे घरेलू मूल्य संवर्धन होगा और शिक्षा, उद्योग, सरकार और अन्य सहायक तत्वों का एक अनूठा एकीकरण होगा। यह उद्योग जगत में एक अनूठी पहल है, जो देश में इन्क्यूबेशन केन्द्रो के संरक्षण और विकास के इतिहास में मील का पत्थर साबित होगा । ईपी दिल्ली को 25 अक्टूबर, 2015 में परिचालित किया गया था और 27 अगस्त 2016 को इसका औपचारिक उद्घाटन किया गया था।

ईपी के पास इसके लाभार्थियों के रूप में 40 स्टार्टअप (32 इन्क्युबेटेड और 8 मेंटरड) हैं। इस अवधि के दौरान स्टार्टअप द्वारा महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की गयी जहाँ उन्होंने राष्ट्रीय पेटेंट दाखिल कर अपने उत्पादों के स्तर में विकास किया है। कुल मिलाकर, ईपी के स्टार्टअप्स की उपलब्धियों के रूप में 21 नए उत्पाद के साथ 25 प्रोटोटाइप बनाए गए हैं। साथ ही, ईपी स्टार्टअप्स द्वारा 19 आईपीआर दाखिल किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, 8 स्टार्टअप को 11 करोड़ रुपये की बाहरी वित्तीय सहायता प्राप्त हुई है और स्टार्टअप द्वारा कुल 43 करोड़ रुपये का राजस्व सजृत किया गया। इस प्रभावशाली आंकड़ो के अतिरिक्त ईपी स्टार्टअप्स ने 250 करोड़ रु. सृजत किया है।

आईआईटी भुवनेश्वर में वीएआरसीओई

इमर्सिव विजुअलाइजेशन में अनुसंधान एवं विकास करने, आर एंड डी, इनक्यूबेशन, आईपी क्रिएशन, उत्पाद विकास, कौशल विकास और एआर, वीआर एवं संबद्ध क्षेत्रों में उद्यमिता को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से एक पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए आईआईटी भुवनेश्वर में वीएआरसीओई की स्थापना की गई, जिसे 19 जनवरी, 2018 को चालू किया गया था। एलाइड मार्केट रिसर्च द्वारा प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक एआर और वीआर बाजार, जो वर्ष 2017 में 11.32 बिलियन डॉलर था, उसका 2018 से 2025 तक 63.3% की सीएजीआर के साथ 2025 में 571.42 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है।

वीएआरसीओई उक्त डोमेन में स्टार्टअप के पोषण के साथ उपकरण ों और प्रौद्योगिकियों के अनुसंधान और विकास को और मजबूत करेगा। इस सीओई ने स्वास्थ्य, कला और वास्तुकला, परिवहन, निर्माण, पर्यटन, मनोरंजन और शिक्षा के क्षेत्रों में 5 वर्षों के लिए स्टार्टअप और व्यक्तिगत शोधकर्ताओं सहित 300 इनक्यूबेटियों को लक्षित किया है । वर्तमान में, विभिन्न डोमेन में एआर और

वीआर एप्लीकेशन की नौ प्रमुख परियोजनाएं प्रगति पर हैं, जिसमे आईआईटी भुवनेश्वर के 12–15 उच्च योग्य संकाय वाले शोधकर्ता शामिल हैं ।

एसटीपीआई चेन्नई में फिनब्लू

डिजिटल प्रौद्योगिकियों के तेजी से विकास और आम आदमी के दैनिक जीवन पर उसके प्रभाव के साथ, वित्तीय डोमेन का प्रौद्योगिकी परिदृश्य एक बड़े बदलाव के दौर से गुजर रहा है। वित्तीय प्रौद्योगिकी या फिनटेक में अर्थव्यवस्था में प्रतिस्पर्धा, नवाचार, रोजगार सृजन और उत्पादकता में एक नए युग की शुरुआत करने की क्षमता है। फिनटेक न सिर्फ मुद्रा का डिजिटाइजेशन करता है बल्कि डेटा का भी डिजिटाइजेशन करता है। फिनटेक सोल्यूशंस में विशेष रूप से नए और छोटे सभी व्यवसायों के लाभ की अपार संभावनाएं हैं। फिनब्लू, फिनटेक क्षेत्र में अपनी तरह का पहला सीओई है जिसे 26 जुलाई, 2019 में परिचालित किया गया था, ऐसे सोल्यूशंस प्रदान करता है जो निचले स्तर पर कुशल और प्रभावी हैं और साथ ही यह छोटे व्यवसाइयों को लाभान्वित कराता है और उन्हें अधिक से अधिक अनेक प्रकार के फंडिंग विकल्प उपलब्ध कराता है। यह सीओई न सिर्फ निवेशकों, ऋणदाताओं और उधारकर्ताओं के बीच तालमेल बढाता है बल्कि सभी के लिए एक ऐसा अवसर प्रदान करता है जिससे बाजार में खुदरा निवेशकों की भागीदारी बढ़े। फिन टेक उन तरीकों को बदल रहा है जिसमें लोग उंगलियों की नोक पर लेन–देन करते हैं।

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार राज्य सरकार,आईआईटी मद्रास, टीआईई चेन्नै और विभिन्न औद्योगिक भागीदारों जैसे कि इंटेल्लेक्ट डिजाइन, एनपीसीआई, येस बैंक, पे पाल,पोंटाक वैंचर, आरबीएस,टोरस इनोवेशन आदि की भागीदारी से चेन्नै में फिनब्लू सीओई की स्थापना की गयी है जो फिन टेक के साथ काम करने मे अभिनव स्टार्टअप और उद्यमियों को पूरी सहायता और समर्थन प्रदान करेगा।

यहाँ उपलब्ध सुविधाओं और सेवाओं में 100 रेडी–टू–वर्क प्लग–एन–प्ले स्पेस, एक्सेस टू एपीआई, भागीदार बैंकों का पेमेंट गेट वे और सैंडबॉक्स एनवायरनमेंट और मेसर्स इंटेल्लेक्ट का एनपीसीएल, सीएएनवीएएस टेक्नोलॉजी, तकनीकी मेंटरींग और सहायता, वित्तीय संसाधन (एंजेल फंडिंग, सीड फंड,वीसी आदि) नेटवर्किंग और मार्केटिंग गतिविधियों तक पहुँच शामिल है।

फिनब्लू का उद्देश्य ट्रेडिंग, बैंकिंग, लेंडिंग, रेमिटेंस, इंश्युरेंस, रिस्क एंड कंप्लायंस, वेल्थ एडवाइजरी, फाइनेंसियल इन्क्लुज़न, सेविंग, पेमेंट और इसी प्रकार के क्षेत्रों पर विशेष ध्यान के साथ 5 वर्षों की अवधि में 58 स्टार्टअप का समर्थन करना है।

फिनब्लू ने स्टार्टअप के पहले बैच में शामिल करने के लिए 21 स्टार्टअप का चयन किया है।

एसटीपीआई पुणे में मोशन

वैश्विक गतिशीलता परिदृश्य तेजी से बदल रहा हैं, प्रौद्योगिकी नवाचार, बढ़ती कनेक्टिविटी, तेजी से बढ़ रही विश्व जनसंख्या, बदलती उपभोक्ता प्राथमिकताएं और पर्यावरण गिरावट के कारण सरकार, उद्योग और समाज को मोबिलिटी की निरंतरता के लिए बेहतर तालमेल बनाने की जरूरत है।

स्वचालित वाहनों का वाणिज्यकरण भी विभिन्न उद्योगों जैसे कि आईटी, प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रॉनिकी के राजस्व वृद्धि में भी योगदान करेगा । रिसर्च एंड मार्केट्स के अनुसार, वैश्विक स्वचालित वाहन बाजार का वर्ष 2017 में कारोबार 27.09 बिलियन अमेरिकी डॉलर था और जिसके 2026 तक बढ़ कर 615.02 बिलियन अमेरिकी डॉलर पहुंचने की उम्मीद है।

ऑटोनॉमस, कनेक्टेड, इलेक्ट्रिक एंड शेयर्ड (एसीईएस) में सीओई जिसे मोशन कहते हैं, महाराष्ट्र सरकार, मैसर्स टाटा मोटर्स, मेसर्स काइनेटिक, मैसस विस्टोन, मैसर्स मैथवर्क्स इंडिया, मैसर्स इंटेल, कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग पुणे (सीओईपी) और एआरएआई, एसएई–इंडिया, टीआईए–पुणे आदि जैसे संगठनों के सहयोग और साझेदारी में स्थापित किया गया ।

यहां उपलब्ध सुविधाओं और सेवाओं में एसटीपीआई पुणे में 7000 वर्ग फीट (लैब और इन्क्यूबेशन) का स्पेस है और इनका लक्ष्य 5 वर्ष की अवधि में ऑटोनॉमस,कनेक्टेड,इलेक्ट्रिक एंड शेयर्ड (एसीईएस) मोबिलिटी में 50 डोमेन विशिष्ट स्टार्टअप को लाभ पहुँचाना है। मोशन को 10 दिसम्बर, 2019 को परिचालित किया गया था।

बेंगलुरु में एसटीपीआई आईओटी ओपनलैब

"इन्टरनेट ऑफ थिंग्स" अथवा आईओटी एक संगणक अवधारण है जो इन्टरनेट से जोड़ी जानेवाली रोजमर्रा की भौतिक वस्तुओं को संपुटित करता है और अन्य डिवाइसों के साथ अपनी पहचान और संपर्क बनता है। यह अनुमान है कि 9 बिलियन डॉलर के बाजार में भारत शीघ्र ही 1.9 बिलियन डॉलर का आईओटी स्थापित करेगा। प्रौद्योगिकी उद्योग में आईओटी एक बहुत बड़ा कदम है। सिर्फ "भारत के सिलिकॉन वैली" बेंगलुरु में ही 500 स्टार्टअप हैं, जो आईओटी पर सॉल्यूशन विकसित कर रहे हैं।

उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में एमईआईटीवाई, मेसर्स ऐरो ईलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य के सहयोग से बेंगलुरु में एसटीपीआई आईओटी ओपनलैब स्थापित किया गया है । आईओटी ओपन लैब का उद्देश्य एक

प्रौद्योगिकी मंच सृजत करना है ताकि नवाचार स्टार्टअप आईओटी आधारित एप्लीकेशन, उत्पाद और सॉल्यूशन विकसित कर सकें, जो ना सिर्फ घरेलू जरूरतों को ही पूरा करेगा बल्कि इसका परिप्रेक्ष्य भी वैश्विक होगा। ओपन लैब में 4200 वर्ग फीट का रेडी टू वर्क स्पेस, सभी सैंपल बैंक सहित एक आईओटी ओपन लैब, टेस्ट उपकरण और तकनीकी सहायता, आतंरिक इंजीनियरिंग टीम द्वारा तकनीकी मेंटरिंग और समर्थन, वित्तीय संसाधनों तक पहुंच, विपणन समर्थन आदि शामिल है। इसका लक्ष्य 5 वर्ष की अवधि में प्रति वर्ष 100 स्टार्टअप (फिजिकल और वर्चुअल) का समर्थन और पोषण है। आईओटी ओपनलैब को 3 दिसम्बर, 2019 को परिचालित किया गया।

आईओटी ओपनलैब ने पहले बैच में शामिल करने के लिए ओपन चैलेंज प्रोग्राम के माध्यम से 16 स्टार्टअप का चयन किया है।

इलेक्ट्रोप्रिन्योर पार्क, एसटीपीआई भुवनेश्वर में एक ईएसडीएम सीओई

इलेक्ट्रॉनिक्स भारत के सबसे अधिक आयातित मदों में से एक है। इस बात की आवश्यकता है कि भारत आयातित इलेक्ट्रॉनिकी पर अपनी निर्भरता को कम करे और घरेलू उत्पादन बढ़ाये। अपने मेक इन इंडिया पहल से सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के घरेलूकरण पर विशेष बल दिया है फलस्वरूप पूरे देश में अनेक मोबाइल निर्माण इकाइयां सफलतापूर्वक स्थापित हुईं हैं। हांलाकि यह पर्याप्त नहीं है और अभी काफी कुछ और करने की आवश्यकता है।

एसटीपीआई ने उपरोक्त परिकल्पना के अनुरूप अपनी तरह का पहला ईएसडीएम इन्क्यूबेशन सेंटर "इलेक्ट्रोप्रिन्योर पार्क" (ईपी) नई दिल्ली में स्थापित किया है, जोकि बेहद सफल रहा है जिससे अनेक स्टार्टअपस् को वित्तीय सहायता प्राप्त हुई है और अनेक पेटेंट्स दर्ज किये गए हैं।

अतः एमईआईटीवाई के सहयोग से एसटीपीआई इस अत्यधिक सफल सहयोगी मॉडल को भारत के विभिन्न भाग में क्रियान्वित कर रहा है और अगला ईपी ओड़िसा राज्य सरकार, शैक्षिक समुदायों जैसे कि आईआईआईटी भुवनेश्वर, अग्रणी औद्योगिक भागीदार के रूप में आईईएसए के सहयोग से भुवनेश्वर, ओडिसा मे ईएसडीएम इन्क्यूबेशन सीओई के रूप मे स्थापित कर रहा है। भुवनेश्वर में ईपी ईएसडीएम क्षेत्र में अनुसंधान और विकास, नवाचार, उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करने के लिए एक समग्र पारिस्थितिकी प्रणाली के निर्माण के माध्यम से भारत के ईएसडीएम विकास में योगदान करेगा। यह पारिस्थितिकी प्रणाली ईएसडीएम क्षेत्र मे महत्वपूर्ण विकास, प्रोत्साहन, इन्क्यूबेशन, नवाचार सृजत करने के लिए आवश्यक है। यह ईएसडीएम क्षेत्र मे उत्पाद निर्माण और आईपी सृजन पर बल देगा।

इस पार्क के लगभग 7500 वर्गफीट निर्मित क्षेत्र मे अत्याधुनिक सुविधाओं सहित उच्च गति की कनेक्टिविटी, पावर इलेक्ट्रॉनिक के प्रोटोटाइपिंग और जांच के लिए पूर्णतया सज्जित ईएसडीएम लैब, एलईडी, कम्युनिकेशन आरएफ वाले हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर, टेस्ट और मेजरमेंट आदि से पूरी तरह से सुस्सजित कार्यालय उपलब्ध है।

इसका लक्ष्य 5 वर्षों की अवधि मे 40 स्टार्टअप को लाभ प्रदान करना है, जिसमे उर्जा, प्रोसेस कंट्रोल और इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन और शिक्षा जैसे क्षेत्र में विशेष ध्यान दिया जाएगा। ईपी भुवनेश्वर को 23 दिसम्बर, 2019 को परिचालित किया गया था।

एसटीपीआई मोहाली में न्यूरॉन

